# आधुनिक भारत के निर्माण में मोक्षगुंडम विवेरैया का अहम योगदान

विजेता छात्र को प्रमाण पत्र प्रदान करते कुलपति प्रो. ओंकार सिंह।

एमडीडीए में भारत रत्न इं. मोक्षगुण्डम विश्वेसरैया को भारत की रचना व देश को एक नए तकनीकी विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए मोक्षगुंडम को पुष्प अर्पित कर उनके जन्मदिन पर केक काटा।

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) में इंजीनियर्स डे उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर आधुनिक भारत के निर्माणकर्ता व देश के पहले इंजीनियर मोक्षगुंडम विवेवरेया को याद किया गया।

## यूटीयू में मनाया गया इंजीयर्स डे

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य तिथि कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स डे इंजीनियर्स को समाज की बेहतरी के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। भारत के सबसे महान इंजीनियर मोक्षगुंडम विवेवरैया का आधुनिक भारत के निर्माण में अहम योगदान रहा, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जल संसाधनों के दोहन, बांधों, पुलों के सफल डिजाइन व निर्माण, सिंचाई व पेयजल योजनाओं को लागू करने के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली।

इस दौरान वाद-विाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें अभिनव जलाल, आस्था, विवेक कुमार, राघवेंद्र, अखिलेश राजे, अनुष्का व गार्गी विजेता रहे।

कुलपति ने विजेताओं के ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर डा. विशाल रमोला, कार्यक्रम के समन्वयक अंशिका गर्ग, परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल, डा. संदीप नेगी, डा. डीएस गंगवार, गणेश खंडूरी, शाकिब, पूजा सेमवाल, संगीता ध्यानी, डा. अमित कुमार, विजय सिंह बिष्ट समेत अनेक लोग मौजूद थे।